तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 6 अक्टूबर 2024

11 मैडमजी आपने घोषणा पूरी नहीं की : न कॉलेज को 40 नग कम्प्यूटर...

12 देवी मंदिरों में लगे मां अम्बे के जयकारे दर्शन के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़




## नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती है। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.

वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम्।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम्॥

## खबर संक्षेप

### अटंग में आज हास्य कवि सम्मेलन

**मगरलोड।** दुर्गोत्सव समिति द्वारा ग्राम अटंग में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन 6 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे से किया गया है जिसमें मीर अली मीर रायपुर, सुप्रसिद्ध गजलकार यूसुफ सागर भिलाई, कृष्णा भारती नांदघाट बिलासपुर, आत्माराम साहू गीतकार सिवनी, कुरूद, दूरदर्शन सुप्रसिद्ध मिमिक्री कलाकार लकेश मानिकपुरी बेलर फिंगेश्वर एवं विरेन्द्र सरल हास्य कवि मगरलोड अपनी रचनाओं की मनमोहक प्रस्तुति देंगे। दुर्गोत्सव समिति के पदाधिकारी निरंजन साहू ने साहित्य प्रेमियों से उपस्थिति की अपील की है।

### पेंशनरों की बैठक 8 को

**धमतरी।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 8 सितंबर को दोपहर 2 बजे कर्मचारी भवन में आयोजित है। बैठक में विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श किया जाएगा। संघ के कृपाशंकर मिश्रा, राजेंद्र चंद्राकर, राजकुमार मिश्रा, कृष्णाराम साहू, होलाराम परिहा, यशकरण गजेंद्र, गणेश पवार, बलवंद पवार, लालाराम मगेंद्र, डा. भारती राव, हनुमानसिंह वर्मा, अरूण गौर ने सभी सदस्यों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

### डाभा में डीजे डांस प्रतियोगिता 11 को

**मगरलोड।** ग्राम डाभा में नव दुर्गा उत्सव समिति नया बाजार चौक एवं ग्रामवासियों के सहयोग से डीजे डांस प्रतियोगिता 11 अक्टूबर को आयोजित की गई हे। एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 1500 रूपये, द्वितीय 1000 रूपये, तृतीय 500 रूपये, सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 2500 रूपये, द्वितीय 1500 रूपये, तृतीय 1000 रूपये दिया जायेगा। प्रहसन नाटक में प्रथम पुरस्कार 1500 रूपये, द्वितीय 1000 रूपये है। एकल नृत्य में प्रवेश शुल्क 100 रूपये व सामूहिक नृत्य एवं प्रहसन नाटक में 200 रूपये है। कार्यक्रम की तैयारी में शिक्षक संतोष सिन्हा, ग्राम पटेल केवल निषाद, शिक्षक भानुप्रताप साहू, चिंताराम सिन्हा पुजारी जुटे हुए हैं।

### जल संरक्षण पर गंगरेल में प्रदेश का सबसे बड़ा कार्यक्रम जल जगार का हुआ आगाज

# पानी बना नहीं सकते पर बचा तो सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

प्रदेश के सबसे बड़े कार्यक्रम जल जगार में देश-विदेश के नीति निर्माता, पर्यावरणविद, विशेषज्ञ और राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के प्रतिनिधि ने जल संरक्षण की दिशा में चिंतन किया। जापान की ओट्सूजी मरीनो ने कहा कि वाटर लीकेज पर ध्यान देना होगा। स्मार्ट मीटर से पानी के बेतरतीब उपयोग को रोका जा सकता है। उन्होंने जापान के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि जापान में चौथी क्लास से ही पानी को पाठ्यक्रम में शामिल कर दिया गया है।

जापान के टोक्यो मेट्रोपोलिटन गवर्नमेंट की डिप्टी डायरेक्टर सुश्री ओट्सूजी मरीनो ने कम्युनिटी इंगेजमेंट फॉर वाटर कंजर्वेशन इन टोक्यो पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

प्रदेश के सबसे बड़े बांधों में से एक गंगरेल बांध किनारे जिला प्रशासन ने जल संरक्षण पर वृहद जल जगार महोत्सव का आयोजन किया है। दो दिवसीय इस कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को हुआ। जल ओलंपिक के साथ सुबह 10 बजे से ही जलसभा शुरू हो गई थी, जिसमें देश विदेश से आए विशेषज्ञों ने पर्यावरण और पानी के संरक्षण पर अपने-अपने क्षेत्रों के सफल कार्यों की कहानी को साझा किया। इस दौरान जल संरक्षण को कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने जल जगार के उद्देश्यों और धमतरी जिले में जल संचय व जल ने पानी के विभिन्न आंकड़े प्रस्तुत करते हुए कहा कि पानी बचाने के लिए टिकाऊ कार्ययोजना की है। आईटीआई मुंबई के डॉ राकेश कुमार ने वर्षा जल संचयन और उपायों की जानकारी दी।

## देश-विदेश से आए विशेषज्ञों ने पर्यावरण और पानी के बिगड़ते स्वरूप पर किया चिंतन




### कम पानी में उगाएं धान

अंतरराष्ट्रीय जल सम्मेलन को संबोधित करते हुए केन्द्रीय कृषि तथा किसान कल्याण की अपर सचिव डॉ. मनिंदर कौर द्विवेदी ने कहा कि धमतरी में जल संरक्षण की पहल पुरानी है। यहां की ओजस्वी एफपीओ (कृषक उत्पाद संगठन) ने कम पानी में होने वाले धान की खेती प्रारंभ की थी। उन्होंने बताया कि धान की ऐसी बहुत सी प्रजाति है जो कम पानी में होती है और जल्द पकती है। उन्होंने इस तरह की और भी प्रजातियों को विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने नए बीजों और अन्य फसलों की खेती पर भी ध्यान देने को कहा।

### बूंद-बूंद का करें सम्मान

केन्द्रीय जलशक्ति मंत्रालय की अपर सचिव श्रीमती अर्चना वर्मा ने अंतरराष्ट्रीय जल सम्मेलन में कहा कि हमारे पूर्वजों के पास जल संचय और जल संरक्षण के बहुत से तरीके थे। वे पानी की एक-एक बूंद का सम्मान करते थे। हमारी जलशक्ति अभियान का मूल उद्देश्य पानी की धरोहरों के प्रति सम्मान को वापस लाना है। जल संचय और जल संरक्षण के काम में जनभागीदारी बहुत जरूरी है। उन्होंने जल जगार के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह जल संरक्षण से लोगों को जोड़ने की बहुत अच्छी पहल है। इससे संस्कृति, समुदाय और युवाओं की भागीदारी बढ़ रही है।

### पानी सरकार का नहीं, समाज का विषय है

सामाजिक कार्यकर्ता और पर्यावरणविद श्यामसुंदर पालीवाल ने बताया कि उन्होंने अपने क्षेत्र में जल संरक्षण के लिए बेटी, पानी और पेड़ों को जोड़कर काम किया। इसे रोजगार से भी जोड़ा। पर्यावरणविद् उमाशंकर पाण्डेय ने कहा कि पानी सरकार का विषय नहीं है। यह समाज का विषय है। पानी के बारे में स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ाया जाना चाहिए। हम पानी बना नहीं सकते, लेकिन पानी को बचा सकते हैं। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री एवं शहरी विकास विशेषज्ञ प्रो. अमिताभ कुंडु ने सम्मेलन में कहा कि जल की चिंता को लेकर जिला स्तर पर इस तरह का वृहद आयोजन पहली बार देख रहा हूं। यहां नीति निर्धारक, पर्यावरणविद्, जल संरक्षक, विशेषज्ञ और नागरिक पानी के बारे में चर्चा कर रहे हैं। उसे बचाने की रणनीति बना रहे हैं। यह बहुत ही उपयोगी पहल है।

# गांव-गांव बनी टंकी, घरों में पहुंचा नल पर पानी कहां से लाएं : सीएम

- जल जगार कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी पर भरोसा जताया है तो सब सुधर जाएगा
- नवरात्रि मेला, कबाड़ से जुगाड़ में रही भीड़, सुबह छाया रहा जल ओलंपिक का रोमांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर हर गांव में पानी की टंकी बनी है। हर घर में कनेक्शन पहुंचा दिया गया है पर हालात यह है कि कई गांवों में पानी टंकी शो पीस बन गई है। नलों में पानी नहीं आ रहा है। आपने मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया है। हमारी सरकार बनी है, अब सब सुधार लेंगे। यह बात मुख्यमंत्री विष्णदेव साय ने कही।

जल जगार कार्यक्रम के पहले दिन मुख्यमंत्री विष्णदेव साय गंगरेल पहुंचे। यहां पर उन्होंने माता अंगारमोती की पूजा की। उन्होंने 108 जलस्त्रोतों से एकत्रित किए गए जल से रूद्राभिषेक किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जल जगार कार्यक्रम धमतरी का नवाचार है। केवल धमतरी नहीं पूरे प्रदेश का जलस्तर घट रहा है। नलकूप गर्मियों में सूख जाते हैं। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव जिले में एक किसान ने खराब नलकूप के माध्यम से बारिश के पानी से भूजल रिचार्ज करना शुरू किया। उस नलकूप के आसपास के क्षेत्र का जलस्तर सुधर गया। यहां तो पूरी धमतरी की जनता जल संरक्षण के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि पहले अच्छी बारिश होती थी, फिर भी हमारे पूर्वज तालाब खुदवाते थे, पेड़ लगाते थे। प्रकृति की चिंता करते थे। उस समय को फिर से वापस लाना होगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की गारंटी पूरी हो रही है। बस्तर के गांव सुरक्षित हो रहे हैं। नक्सलवाद का जल्द ही जड़ से खात्मा हो जाएगा। पीएम मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा है। हम कंधे से कंधा मिलाकर छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बना रहे हैं। आने वाले 5 साल में हम दुनिया की तीसरी शक्ति होंगे। इस दौरान उन्होंने 87 करोड़ 25 लाख रुपए के विभिन्न 39 कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया।

### ये धमतरी है जनाब, रूकेगा नहीं : अजय

कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पानी को लेकर एक सर्वे कराया, जिसमें धमतरी तनावग्रस्त क्षेत्र निकला। यहां पर जितना पानी उपलब्ध नहीं है, उससे ज्यादा दोहन किया जा रहा है। जिले का जलस्तर हर साल आधा मीटर घट रहा है। यही स्थिति रही तो 2040 तक हमें पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हरित क्रांति धमतरी जिले के गुरुर पुरूर क्षेत्र से शुरू हुई थी, आज वही क्षेत्र बुरी तरह से संकटग्रस्त हो गया है। हमें इन बातों को समझना होगा और जल और प्रकृति संरक्षण की दिशा में काम करना होगा। जिला प्रशासन की यह पहल सराहनीय है।

### अच्छी पहल, बच्चों को पढ़ा रहे जल संरक्षण : केदार

मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि धमतरी जिला प्रशासन की यह अच्छी पहल है। स्कूली बच्चों को जल संरक्षण की शिक्षा देकर उन्हें तैयार किया जा रहा है। वे ही परिवर्तन के सूत्रधार बनेंगे। हम प्रकृति का अंधाधुंध दोहन कर रहे हैं। इसी का नतीजा है कि आज बारिश कम हो रही है। गर्मी बढ़ गई है। सांसद भोजराज नाग ने कहा कि हमारी संस्कृति में जल का विशेष महत्व है। पूजा पाठ बिना जल के नहीं होता है। हम तो सामान्य जल को गंगाजल जैसा पवित्र मानते हैं। जल संरक्षण करके ही हम अपनी संस्कृति को बचा सकते हैं।

### कलेक्टर ही नहीं पूरा पूरिवार जुटा कार्यक्रम में

जल संरक्षण के इस कार्यक्रम की सूत्रधार धमतरी कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी हैं। इस कार्यक्रम में उनके परिवार ने भी खूब एंजॉय किया। उनके परिवार के बच्चों ने नवरात्रि मेला में स्टाल लगाया था। खुद ही मिशल पाव और राजपुरी तैयार कर लोगों को खिलाया। इसके अतिरिक्त नवरात्रि मेला में सार्थक स्कूल के बच्चों द्वारा निर्मित सामग्री, छत्तीसगढ़ महिला एसोसिएशन की गुजिया, ठेठरी, खुरमी, फरा सहित अन्य पकवानों की खूब डिमांड रही। लायनेस क्लब, महिला समाज, जीजा माता महिला मंडल ने भी स्टाल लगाया था। कबाड़ से जुगाड़, आयुष विभाग की प्रदर्शनी, छग माटीकला बोर्ड, ढोकरा कास्टिंग की मूर्तियों को भी खूब सराहना मिली।

### पानी का खेल सबको रास आया



जल जगार की शुरूआत सुबह जल ओलंपिक से हुई। कयाकिंग, फ्री स्टाइल, ब्रेस्ट स्ट्रोक, स्विमिंग, बनाना राइड, फ्लैग रैन, थ्रो रो, रिवर क्रासिंग जैसे इवेंट्स में प्रतिभागियों ने जमकर हिस्सा लिया। बरदिहा लेक रिजॉर्ट में सुबह आजीविका महाविद्यालय धमतरी के टूरिस्ट गार्ड सदस्य माधव सिंह ने वाटर बैलेंसिंग स्पोर्ट्स में भाग लेकर जल ओलंपिक की शुरुआत की। उन्होंने गंगरेल के पानी में बनाए गए बैलेंसिंग स्ट्रक्चर पर लहरों की बीच चलकर दोनों हाथों से समन्वय बनाने का प्रयास किया। इसके बाद थ्रो रो इवेंट में नरहरा जलप्रपात जल प्रबंधन समिति की टूरिस्ट गाइड महिलाओं ने पानी में रस्सा फेंक प्रतियोगिता में लिया भाग। समिति की 3 सदस्य श्रीमती सजवन, श्रीमती गणेश्वरी एवं श्रीमती टिकेश्वरी ने उत्साह के साथ नई प्रकार की गतिविधि में शामिल हुई।

### 23 फीट ऊंचे और 42 फीट चौड़े पंडाल में विराजित हैं प्रतिमा, दर्शन के लिए उमड़ रहे श्रद्धालु

# टिकरापारा में दंतेवाड़ा के दंतेश्वरी मंदिर की हूबहू झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



बस्तर रोड स्थित शारदा चौक टिकरापारा में इस बार दंतेवाड़ा के विख्यात दंतेश्वरी मंदिर की झलक दिख रही है। इसे देखने दर्शनाथियों की खूब भीड़ उमड़ रही है। यहां 23 फीट ऊंचा और 42 फीट चौड़ा पंडाल बनाया गया है, जिसमें दंतेश्वरी मंदिर की हूबहू आकृति बनाकर मां दंतेश्वरी की 4.5 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई है। शनिवार को दंतेश्वरी माता के दर्शन को पहुंचे सुनीता देवी, अरूण साहू, केवल साहू ने बताया कि शहर के टिकरापारा में दंतेवाड़ा स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर का सेम डिजाइन तैयार किया गया है। पंडाल में जिस तरह शेर की आकृति, गरूड़ स्तंभ बनाया गया है, उसे देखते ही दंतेवाड़ा का अक्स सामने आ जाता है।



### छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध देवियों का दर्शन कराने का लक्ष्य

आदर्श दुर्गा उत्सव समिति अध्यक्ष देवेन्द्र नेताम ने बताया कि समिति का उद्देश्य है कि छत्तीसगढ़ में जितने भी प्रसिद्ध माताओं के मंदिर हैं, उसका दर्शन नवरात्र में दर्शनार्थियों को कराना है। श्री नेताम ने बताया कि इससे पहले घटारानी, जतमई, गंगा मैया झलमला, बिलाई माता तथा मां अंगारमोती की प्रतिमा एवं मंदिर का आकर्षक डिजाइन बनाया जा चुका है।

### 9 लाख का बजट, एक माह पहले से होती है तैयारी

समिति के सदस्य रूद्रेश प्रताप साहू, गोलू ढीमर, प्रेम किशन आदि ने बताया कि दंतेश्वरी मंदिर का आकार देने सहित प्रतिमा बनाने में 9 लाख रूपये का खर्च आया है। यह सब वार्डवासियों के अभूतपूर्व सहयोग से होता है। एक माह पहले वार्डवासियों की बैठक होती है, तय किया जाता है कि प्रदेश में स्थित कौन सी देवी मंदिर का आकार तैयार करना है। निर्णय के बाद समिति उक्त मंदिर निर्माण की तैयारी में जुट जाती है। दंतेश्वरी माता की प्रतिमा कुम्हारपारा निवासी शिवकुमार ने तैयार की है। बस्तर थीम को दर्शाने के लिए शुभम आर्ट्स ने डिजाइन बनाया है।

# हथियारों से लैस युवकों का आतंक, तीन दिन में दो पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज



धारदार हथियारों से लैस युवकों का ग्रुप अलग-अलग स्थानों पर मारपीट व नुकीले हथियार से हमले की घटना को अंजाम दे रहा है। बीते तीन दिनों में दो युवकों पर हमला किया गया है।

शहर में चाकूबाजी की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पखवाड़े भर में दर्जन भर धारदार हथियार या चाकू से हमले की घटना सामने आई है। पुलिस की तमाम कोशिश के बावजूद इन घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रही है। आनलाइन बटंची चाकू मिल जाने के कारण किशोर व युवा वर्ग मामूली बात पर भी चाकूबाजी करने से नहीं चूक रहे हैं। वहीं कुछ असामाजिक तत्व पेंचकस सहित अन्य औजार को मोडिफाईड करा धारदार हथियार बनाकर मारपीट कर लोगों को घायल कर रहे हैं। इन चाकूबाजों का शहर में अलग-अलग गैंग सक्रिय है। इसी तरह का एक गैंग बीते दिनों में अलग-अलग स्थानों पर चाकू से हमला कर दो युवकों को घायल कर चुका है। गुरूवार की सुबह सिहावा चौक के पास स्थित स्कूल के सामने एक युवक से मारपीट कर घायल किया गया।

स्थानीय स्टेशनपारा निवासी वरूण गुप्ता उर्फ लक्की राइस मिल में मुंशी का काम करता है। 2 सितंबर की सुबह लक्की घर स्टेशनपारा जाने के लिए सिहावा चौक के पास स्थित स्कूल के सामने खड़ी अपनी मोटरसाइकिल में बैठा था। इसी दौरान हितेश नेताम व संजू नेताम अपने एक साथी के साथ स्कूल के पास पहुंचे। पुरानी रंजिश को लेकर थाने में शिकायत करने की बात कहते हुए तीनों ने मिलकर लक्की से मारपीट करने लगे। तभी हितेश नेताम ने अपने पास रखी धारदार वस्तु से उस पर हमला कर दिया। इस घटना में लक्की के दाहिने हाथ के पंजे, जांघ व घुटने के नीचे चोट लगी है। घटना के बाद आरोपी भाग गए। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी हितेश नेताम, संजू नेताम व उसके साथी के खिलाफ धारा 115(2), 118(1), 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

इसी तरह की एक अन्य घटना 1 सितंबर को कोलियारी नहरपार किनारे स्थित शराब दुकान के पास हुई थी। जहां ट्रेक्टर चालक रूद्री निवासी से हितेश नेताम व उसके दो साथियों ने शराब पीने के लिए पैसे मांगे। नहीं देने पर ट्रेक्टर चालक से मारपीट कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी हितेश नेताम व उसके दो साथियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। फिलहाल तीनों आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं।

# कांग्रेसी हुए नजरबंद




हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सीएम विष्णुदेव साय के धमतरी आगमन पर एहतियात के तौर पर पुलिस प्रशासन ने कांग्रेसी नेताओं को पुलिस थाने में रखकर नजरबंद कर दिया है। शनिवार को असंगठित कामगार के जिलाध्यक्ष साहिल अहमद, युवा कांग्रेस विस अध्यक्ष हितेश गंगवीर, जिला महासचिव गीतराम सिन्हा, महामंत्री आशुतोष खरे, ब्लाक अध्यक्ष ग्रामीण तोगू गुरुपंच, ब्लाक अध्यक्ष भखारा पुखराज साहू, महासचिव अजय सिन्हा, एनएसयूआई प्रदेश संयोजक टिकेंद्र सिन्हा, सूरज पासवान, संजू साहू को सिटी कोतवाली थाना में नजरबंद किया गया।

### मुख्यमंत्री से जर्जर पीडी नाला के निर्माण की मांग

**धमतरी।** भाजपा नेता राकेश चंदवानी ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर जर्जर हो चुके पीडी नाला के पुनः निर्माण की मांग की है। भाजपा के पूर्व पार्षद एवं सभापति राकेश चंदवानी ने बताया कि 4 अक्टूबर को रायपुर स्थित मुख्यमंत्री के निवास में विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात की गई। उन्होंने बताया कि नेशनल हाईवे 30 जो अब श्यामतराई से लेकर नवनिर्मित बाईपास मार्ग तक की सड़क को लोक निर्माण विभाग धमतरी को अधिकृत किया गया है। शहर के मोटरस्टैंड वार्ड, रिसाईपारा, आमापारा, साल्हेवारपारा, घासीदास वार्ड, मकेश्वर वार्ड, सुंदरगंज वार्ड, लालबगीचा, शीतलापारा के बरसाती एवं निस्तारी पानी की निकासी पीडी नाला से होती है। इस नाला के जर्जर होने के कारण पानी की निकासी बाधित होती है। उक्त वार्ड में घुटने तक पानी भर जाता है। लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि नाला निर्माण की मांग पर मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है।

### नवागांव (खिसोरा) में डीजे डांस प्रतियोगिता 12 को

**मगरलोड।** ग्राम नवागांव (खिसोरा) में दशहरा महोत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन 12 अक्टूबर को किया गया है। सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 10001 रूपये, द्वितीय 7001 रूपये, तृतीय 3001 रूपये, एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 5001 रूपये, द्वितीय 3001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 2001 रूपये है। बेस्ट डांसर, वेशभूषा व संगीत में 251 रूपये का पुरस्कार दिया जायेगा। प्रवेश शुल्क सामूहिक नृत्य में 351 रूपये व एकल नृत्य में 201 रूपये है। आयोजन की तैयारी में गोपाल निषाद, गोपीचंद साहू, लालकृष्ण साहू, शेषनारायण साहू, विक्की साहू, अमित सोनवानी, भीष्म साहू, योगेंद्र साहू जुटे हुए हैं।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

**रजत जयंती वर्ष :** बस्तरिया, सुआ-ददरिया, जसगीत, प्रेम व वियोग गीत के संग दशहरा महोत्सव का शुभारंभ

# किसी नगर की पहचान वहां की संस्कृति व परंपरा से होती है : चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस रंगसरोवर के कलाकारों के सरगुजा, बस्तरिहा, करमा, सुआ, ददरिया, जसगीत, प्रेम और वियोग श्रृंगार रस से जुड़े गीत संगीत व नृत्य के साथ खेल मैदान में कुरुद दशहरा महोत्सव रजत जयंती वर्ष 2024 का भव्य शुभारंभ हुआ जिसमें मानस मर्मज्ञ एलपी गोस्वामी, नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर, पूर्व अध्यक्ष निरंजन सिन्हा, ज्योति चंद्राकर, राजकुमारी दीवान, नपं उपाध्यक्ष मंजु साहू, महोत्सव समिति अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, महासचिव भानु चंद्राकर बतौर अतिथि मौजूद थे।

दशहरा महोत्सव का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि श्री गोस्वामी ने महोत्सव के अब-तक के सफर को शानदार बताते हुए इसे कुरुद नगर के लिए ऐतिहासिक बताया। नपं अध्यक्ष तपन चंद्राकर ने आयोजन की तारीफ करते हुए मिलजुलकर आगे और बेहतर करने की बात कही।

पूर्व अध्यक्ष श्री सिन्हा, श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि किसी भी नगर की पहचान वहां की संस्कृति और परंपरा होती है, जिसे सहजने में महोत्सव संरक्षक विधायक अजय चंद्राकर एवं गणमान्यजनों की अहम भूमिका रही है।

इस दौरान महोत्सव के पूर्व अध्यक्ष स्व. कुशल सुखरामणी की पत्नी मुमादेवी सुखरामणी को सम्मानित किया गया। महासचिव भानु चंद्राकर ने अतिथियों, गणमान्यजनों एवं जनता का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन प्रभात बैस ने किया।

इस अवसर पर बसंत सिन्हा, खिलेंद्र देवांगन, किशोर यादव, खूबलाल चंद्राकर, कोमल साहू, भारत ठाकुर, दौलत ध्रुव, भोजराज, विनोद चंद्राकर, ज्ञानचंद सिन्हा, भूखन सेन, मनीष अग्रवाल, दिवाकर चंद्राकर, डब्बू निर्मलकर, युवराज सोनकर, अनुशासन आमदे, जितेंद्र चंद्राकर, कुलेश्वर सिन्हा, हरीश देवांगन, प्रमोद साहू, सोहन आमदे, थनेश्वर साहू, कमल शर्मा, केशव चंद्राकर, वंश खत्री, तुलसी, खिलेंद्र, तुकेश साहू, मुकेश ठाकुर उपस्थित थे।

## छग न्याय यात्रा में शामिल हुए पूर्व मंडी अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा 27 सितंबर से 2 अक्टूबर तक गिरौदपुरी से रायपुर गांधी गांधी मैदान तक निकाली गई। 6 दिनों में 125 किमी का सफर तय करने के बाद रायपुर में विशाल आमसभा हुई। इस यात्रा में नगरी कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष तथा पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेंद्र सोनी उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि यात्रा का उद्देश्य प्रदेश में लचर क़ानून व्यवस्था, राज्य में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध, प्रदेश में रोज हो रही दुराचार, सामूहिक दुराचार, बच्चियों से बलात्कार, जैतखाम में हुई तोड़फोड़ का विरोध, बलौदाबाज़ार के आगज़नी मामले में निर्दोषों की गिरफ़्तारी का विरोध तथा कांग्रेस के नेताओं और सतनामी समाज के लोगो की रिहाई की मांग, कवर्धा के लोहारडीही में साहू समाज के 3 बेटों की हत्या, प्रशांत साहू की पुलिस की बेरहम पिटाई से हुई मौत की न्यायिक जांच की मांग शामिल हैं। छग न्याय यात्रा के जरिये यह संकल्प दोहराया गया कि छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिए काम हो, प्रदेश की जनता को न्याय मिल सके।

## वनधन विकास केंद्र में हर्रा-बेहड़ा संग्रहण पर हुई प्रशिक्षण कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



वनधन विकास केंद्र बिरगुड़ी में हर्रा बेहड़ा संग्रहण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विनाश विहीन विदोहन पद्धति से हर्रा, बेहड़ा संग्रहण करने के साथ-साथ इस वनोपज के औषधि गुणों और महत्व की जानकारी दी गई।

इसके पश्चात हर्रा, बेहड़ा की गुणवत्ता एवं कृषकों को होने वाले लाभ के संबंध में चर्चा की गई। बताया गया कि हर्रा फल पूर्ण रूप से पके हुए पीला मटमैला रंग का होना चाहिए। हर्रा, बेहड़ा फल को वृक्ष के नीचे तिरपाल बिछाकर गिराना चाहिए ताकि फल में किसी प्रकार का अवांछनीय पदार्थ न चिपक सके। फल को तोड़कर लाने के पश्चात फल की ग्रेडिंग करके धूप में तिरपाल बिछाकर 5 से 7 दिन तक धूप में सुखाना है जिससे फल में नमी की प्रतिशत कम हो जाए। फल फोड़ते समय फल का गुदा और बीज आसानी से अलग हो सके। फल को लकड़ी के गुटके और लकड़ी के हथौड़े की सहायता से फोड़ा जाना चाहिए। फल से कचरिया बनाने के पश्चात कचरिया को साफ कपड़ा या तिरपाल में धूप में कम से कम 7 दिन सुखाना चाहिए। इस अवसर पर उपप्रबंध संचालक एफआर कोसरिया धमतरी, सीनियर एक्जीक्यूटिव गुड्डू दुफारे, संजय कुमार इंटर्न, प्रबंधक सहित कुल 40 प्रक्षिणर्थी सम्मिलित हुए।

## महाव्यापारी संघ का सांस्कृतिक कार्यक्रम जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

महाव्यापारी संघ दुर्गा उत्सव समिति मगरलोड के तत्वावधान में शारदीय नवरात्रि पर रामलीला मैदान में दुर्गा की प्रतिमा विराजित की गई है। रात्रि में मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया है। 5 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ी लोककला झांकी नवज्योति जसगीत दूधवारा की प्रस्तुति हुई। 7 को पैरी लहर जस जगराता, 8 को संध्याकालीन रंगोली एवं थाल सजाओ प्रतियोगिता, गरबा नृत्य, 9 अक्टूबर को डांस प्रतियोगिता, 11 अक्टूबर को जय मां शीतला छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी बड़े साज भानपुरी (धमतरी) की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी दुर्गा उत्सव समिति अध्यक्ष यादराम गायकवाड़, सुखदेव साहू ने दी है।

## एनएसएस से छात्रों में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है : डॉ चोवाराम

- कालेज छात्रों ने स्वच्छता पखवाड़ा में साफ सफाई एवं जन जागरूकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव



दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में स्वच्छता ही सेवा है की थीम पर प्राचार्य डॉ. चोवाराम यदु के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती पुष्पा दर्रो के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ चोवाराम यदु ने युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया।

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत महाविद्यालय, सोसायटी, स्वास्थ्य केन्द्र, ग्राम पंचायत, आंगनबाड़ी के आसपास, बाजार चौक, कालेज परिसर, डाकघर के आसपास, बाजार चौक, पशु चिकित्सालय परिसर, चावल गोदाम, तालाब पचरी, रंगमंच की साफ-सफाई की गई।

स्वच्छता पखवाड़ा में स्वयंसेवकों हिमांशु साहू, डिम्पल, ओमिका, हर्षलता, झरना रानी, रूपाली, चेतना, लोकेश्वरी, हुलेश्वरी, गीतांजलि, रोशनी, चांदनी, रत्ना, लक्ष्मी, काजल, डिम्पल, अर्चना, खुशबू, हिना, दामिनी, राधा, उर्वशी, माधवी, भूमिका, जीतू, तामेश्वरी, डामेश्वरी, कोयल, यशवंत, मेघराज, युगल बैस, योगराज, राकेश, मौरजध्वज, इन्द्रजीत, विजय, दमेन्द्र, मानसी, चांदनी, नंदनी, खूशबू, दीक्षा का योगदान रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. चोवाराम यदु ने कहा कि एनएसएस से छात्रों में नेतृत्व क्षमता एवं समाज सेवा की भावना जागृत होती है। अनुशासन की शिक्षा देती है।

इस अवसर पर स्वयंसेवकों को डायरी, पेन, कैप, दस्ताना का वितरण किया गया। इस स्वच्छता पखवाड़ा में डॉ सीआर यदु, प्राध्यापक पुष्पा दर्रो, पृथ्वीराज साहू, अनिल जांगड़े, लीना बैस, तेजराम साहू, रितुराज साहू का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## सिवनीकला में रामधुनी प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री



ग्राम सिवनीकला में इस वर्ष भी श्रीराम किंकर मानस परिवार एवं ग्रामीणों के सहयोग से त्रिदिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन पितृ पक्ष पर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ईश्वर लाल साहू सरपंच सिवनीकला थे। अध्यक्षता काशीराम साहू ग्रामीण अध्यक्ष ने की। स्पर्धा में विभिन्न मंडलियों ने गायन एवं झांकी की प्रस्तुति दी।

प्रतियोगिता में 1 अक्टूबर को जय दुर्गे रामधुनी मंडली चिरपोटी गायन, जय श्री गणेश रामधुनी मंडली भटगांव, जागृति रामधुनी मंडली असोगा पाटन, मनमोहना रामधुनी मंडली सोहतरा बालोद झांकी, जय मां सरस्वती रामधुनी मंडली बंजारी खरेगा, जय मां अंगारमोती रामधूनी मंडली कोरगांव धमतरी झांकी की प्रस्तुति हुई। समापन दिवस पर बुधवार को जय भारत रामधुनी मंडली दरगहन धमतरी, जय मां शीतला रामधुनी मंडली बोड़रा भोथीडीह झांकी, जय मां दंतेश्वरी रामधुनी मंडली सिंधौरीकला कुरूद, जय गढ़िया बाबा रामधुनी मंडली कंवर बालोद, सरगम रामधुनी मंडली धरमपुरा रायपुर, मारुति नंदन रामधुनी मंडली कोरगांव धमतरी झांकी की मनोरम प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोहा। समापन दिवस पर स्पर्धा की विजेता मंडली को अतिथियों ने सम्मान कर पुरस्कार वितरण किया। आयोजन में श्रीराम किंकर मानस परिवार सहित ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।

## समाज में सकारात्मक बदलाव लाने युवा आगे आएं : चम्पेश्वर

- सिलौटी स्कूल में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)




शाउमावि सिलौटी में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर व्याख्याता जयनारायण सोनवानी ने कहा कि यह दिवस प्रतिवर्ष 1 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य लोगों को रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वैच्छिक रूप से रक्तदान करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने छात्रों को रक्त दान करने के फायदे तथा भ्रांतियों पर जानकारी दी।

चम्पेश्वर साहू ने अपने उद्बबोधन में कहा कि वे सभी व्यक्ति जिनकी उम्र 18 से 65 वर्ष हैं जितनी बार चाहे रक्तदान कर सकते हैं। समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में अपना योगदान दें, आपके छोटे से प्रयास से किसी की जिंदगी बचाई जा सकती है।

इस अवसर पर छात्रों में चित्रकला, निबंध, स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य बी. पदमा राजेश ने कहा कि रक्तदान के प्रति युवाओं बढ़ती जागरूकता एक सकारात्मक संकेत है। उन्होंने रक्त की कमी दूर करने के लिए संतुलित पोषक आहार अपनाने व भोजन में पारंपरिक पोषक तत्वों को शामिल करने व मिलेटयुक्त भोजन करने तथा नियमित योग, व्यायाम करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन रासेयो प्रभारी संतोष जैन ने किया।

कार्यक्रम में एके यादव, एसके ध्रुव, एचआर साहू, वायके सेन, एनआर साहू, यशोदा साहू, एनके साहू, एचके साहू समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**जनता भाजपा को चुनकर पछतावा कर रही है : आशीष**

# कुरुद के कांग्रेसियों ने छग न्याय यात्रा में लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर गुरु घासीदास बाबा की तपोभूमि गिरोधपुरी धाम से रायपुर तक 27 सितंबर से 2 अक्टूबर तक लगातार छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में प्रदेशभर के नेता कार्यकर्ता शामिल हुए जिसमें कुरुद विधानसभा से अनेक नेता व कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुरुद अध्यक्ष आशीष शर्मा ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में न्याय व्यवस्था, जनता के अधिकारों, लगातार बढ़ते अपराधों, महिला सुरक्षा, निर्दोष लोगों पर कार्रवाई आदि मुद्दों को लेकर छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा गिरोधपुरी धाम से रायपुर तक भाजपा सरकार की निरंकुशता के खिलाफ चलाई गई जिसे बहुत अच्छा प्रतिसाद मिला। भाजपा को चुनकर जनता पछतावा कर रही है। जगह जगह न्याय यात्रा के स्वागत के साथ ग्रामीण अपनी पीड़ा भी बताते दिखाई दिये।

पद यात्रा में प्रमुख रूप से तारिणी चन्द्राकार, नीलम चंद्राकर, सुश्री राजकुमारी दीवान, तपन चन्द्राकार, सुमन साहू, गोविंद साहू, राजू साहू, डीहूराम साहू, भारत नाहर के अलावा कुरूद विधानसभा से बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

### भाजपा शासन के कुशासन के खिलाफ लड़ते रहेंगे : शारदा

यात्रा में शामिल जनपद अध्यक्ष शारदा साहू ने बताया कि लगभग 125 किलोमीटर की इस पदयात्रा में कांग्रेसियों में एकजुटता के साथ गजब का उत्साह दिखा। नुक्कड़ सभा में नेताओं ने जमकर जोश भरते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान की रक्षा, जनता के अधिकारों लिए व भाजपा सरकार के कुशासन के खिलाफ लड़ते रहेंगे।

## जोरातराई में नाचा गम्मत स्पर्धा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

ग्राम जोरातराई में नवरात्रि पर्व पर अमर ज्योति दुर्गा उत्सव समिति चंदन बाई चौक एवं ग्रामवासियों के सहयोग से नाचा गम्मत सम्मेलन रखा गया है। 5 अक्टूबर को जय ज्वाला जस मंडली जोरातराई ने प्रस्तुति दी। 7 अक्टूबर को जय छत्तीसगढ़ महतारी नाचा पार्टी देवरी, 9 अक्टूबर को जय चंडी छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी बिरकोनी महासमुंद, 11 अक्टूबर हवन का कार्यक्रम एवं लोक कला रिकॉर्डिंग डांस संस्था भखारा एवं 12 अक्टूबर को रावण वध की प्रस्तुति अमर ज्योति नाटक कला मंच द्वारा की जायेगी।

## अंचल की खबरें

### सदस्यता अभियान की मुहिम में जुटे भाजपाई



**नगरी।** गोपी कश्यप और उनके टीम के लीडर गोलू मंडावी ने सिहावा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कर्राघाटी, दलदली, बिलभदार, डोंगरडुला, परसापानी, राजपुर, कोलियारी, गट्टासिल्ली, गोविंदपुर, घोटगांव में, रूपेंद्र साहू ने नगर पंचायत नगरी में, कुलदीप साहू, राजू पटेल ने पाइकभाठा, घठुला, गढ़डोंगरी में सदस्यता अभियान चलाया। अभियान की समीक्षा करने के साथ ही लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश दिए गए। गोपी कश्यप, रूपेंद्र साहू, कुलदीप साहू, गोलू मंडावी, राजू पटेल सहित टीम के पूरे लीडर द्वारा सयुंक्त रूप से निर्धारित किये गए 80 सक्रिय सदस्य सिहावा विधानसभा में बनाने के लक्ष्य की ओर तेज गति से बढ़ रहे हैं। इसमें प्रदेश अध्यक्ष किरण देव का आशीष, अजजा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम का मार्गदर्शन, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस का प्रोत्साहन और नागेंद्र शुक्ला का बेहतर नेतृत्व प्राप्त हो रहा है।

### बेलोरा में गांधी जयंती मनाई गई



**मगरलोड।** ग्राम बेलोरा के बाजार चौक में गांधी जयंती मनाई गई। इससे पहले बाजार चौक की साफ सफाई की गई। इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण आयुक्त जीवनलाल साहू ने कहा कि आज वर्तमान पीढ़ी नशे की ओर बढ़ती जा रही है। नशे से लोगों की आकस्मिक मृत्यु हो रही है। गीत के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मोहंदी हाईस्कूल विकास प्रबंध समिति के अध्यक्ष देवकरण, सरपंच लोकेश्वरी यादव, भारत स्काउट गाइड स्थानीय मगरलोड की उपाध्यक्ष खिलेश्वरी साहू, स्मिता सिंह, जिला प्रतिनिधि लीलाराम साहू, सोनाऊराम साहू, व्याख्याता डोमनदास नौरंगे, खिलेश्वर साहू, जवाहरलाल कंवर, ओंकार प्रसाद, डीटीसी स्काउट जीवन साहू, स्काउट सचिव मानसिंह कपूर, सहसचिव अनीता गौर, स्काउटर रामकरण साहू, गणेश्वर साहू, थानेश्वर साहू, अमित कुमार, सत्यवान निषाद, टिकेश्वर यादव, उर्मिला ध्रुव, पुष्पलता साहू, दौलत देवांगन उपस्थित थे।

### छग महतारी कालेज में गांधी-शास्त्री को किया नमन




**अंवरी।** छग महतारी कालेज में गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गई। संस्था प्रमुख डॉ. एसके साहू ने कहा कि कि गांधी जी समय के महत्व को भली भांति जानते थे। उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं। प्रोफेसर एमएस साहू ने कहा कि गांधीजी सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक सभी क्षेत्र में अपना विशेष कार्य कर आज हमारे लिए स्मरणीय बन गए है। आज गांधीजी के विचारों को अपने जीवन में साध्य करें। कार्यक्रम में प्राध्यापकगण प्रो. एमएस साहू, प्रो. टीके साहू, प्रो. एसके साहू, प्रो. डीके साहू, प्रो. ए. ढीढ़ी, प्रो. नेहा साहू, प्रो. उषा साहू, प्रो. अंजु कुर्रे, उर्मिला कुमारी, चेतना, डेविड, हेमंत, चंदन, रश्मि, देविका, श्वेता शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. टीके साहू ने किया।

### गांधी जयंती पर स्वयंसेवकों ने दिया स्वच्छता का संदेश



**कुरूद।** संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में प्राचार्य डा. डीके राठौर के मार्गदर्शन एवं एनएसएस इकाई 2 की कार्यक्रम अधिकारी रेणु पाटले के नेतृत्व में रासेयो (एनएसएस) इकाई 2 के स्वयंसेवकों ने महात्मा गांधी की 155वीं जयंती पर परसवानी में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान में सरपंच नरेंद्र साहू, ग्रामीण कार्यकर्ता शिवचरण साहू, पूर्व सरपंच कविता पन्ना चंद्राकर एवं ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वयंसेवकों ने गांव के प्रमुख मार्गों, गांधी चौक, बजरंग चौक, अटल चौक, सामुदायिक भवन, ग्राम पंचायत, मंदिर, तालाब, गली मोहल्लों की साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। सरपंच नरेंद्र साहू ने महात्मा गांधी के स्वच्छता के प्रति दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला और कहा कि स्वच्छता ही स्वस्थ समाज की नींव है। ग्रामवासियों ने स्वयंसेवकों की इस पहल की सराहना की और स्वच्छता बनाए रखने के प्रति अपने संकल्प को दोहराया। इस दौरान स्वयंसेवक मनीषा साहू, रोशनी साहू, अन्नपूर्णा साहू, तुलेश्वरी निषाद, चुनेश्वरी साहू उपस्थित थे।

### सेवा कार्य से स्वयंसेवकों ने दी बापू को श्रद्धांजलि



**कोर्रा(भखारा)।** शाउमावि पचपेड़ी में संचालित रासेयो इकाई ने गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान के माध्यम से बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की। संस्था के प्राचार्य रविंद्र कोसरे एवं कार्यक्रम अधिकारी पारसमणि साहू के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में रासेयो इकाई के माध्यम से 2 अक्टूबर को ग्राम पचपेड़ी में सफाई अभियान चलाया गया। प्राचार्य ने स्वच्छता पखवाड़ा समापन पर गांधीजी को याद करते हुए उनके आदर्शों एवं उनकी विचारधारा का अनुकरण कर एक सच्चे भारतीय होने का परिचय देने की बात कही। कार्यक्रम अधिकारी पारसमणि साहू ने कहा कि गांधीजी स्वच्छता का पालन करने वाले व्यक्ति थे। उन्होंने अपने व्यवहार में स्वच्छता को शामिल कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया। समापन पर सेवा कार्य एवं स्वच्छता अभियान में सहभागिता के लिए प्राचार्य ने स्वयंसेवकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## अंचल की खबरें

### चिंवरी में रामनाम सप्ताह एवं यज्ञ का समापन



**सिर्री।** ग्राम चिंवरी में रामनाम सप्ताह एवम यज्ञ का आयोजन 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया गया। अंतिम दिवस बाहर की मंडली वर्जित रखी गई और गांव की ही मंडलियों ने राम नाम का जाप कर भजन, कीर्तन किया। रात्रि में गोपाल बलराम नाचा पार्टी निपानी टिपानी बालोद का छत्तीसगढ़ी नाचा हुआ।

### रतावा में ग्रीन आर्मी को दी गई रिक्शा



**नगरी।** ग्राम पंचायत रतावा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद कर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया, वहीं ग्रीन आर्मी स्वच्छता समूह रतावा को स्वच्छता अभियान के तहत रिक्शा प्रदान की गई। सरपंच रतावा श्रीमती गिरिजा देवी ने ग्रामवासियों से कचरा को इधर उधर न फेंकने की बात कही। मौके पर जनपद सदस्य नगरी उमेश देव, पंचायत प्रतिनिधि, ग्रीन आर्मी स्वच्छता समूह की अध्यक्ष समेत ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### बोनस नहीं मिलने से नाराज सोसाइटी कर्मचारी



**पुरी।** बोनस नहीं मिलने से सोसाइटी कर्मचारी नाराज हैं। जिला कार्यवाहक अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने बताया कि सोसाइटी कर्मचारियों को उसका लाभ लगभग चार वर्षों से मिलना मुश्किल हो गया है। छग शासन की समितियों द्वारा जो काम किया जाता है, उसके अनुपात में बहुत कम कमीशन मिलता है। धान समय पर उठाया नहीं जाता है। इससे समितियों को सूखत में हानि होती है। कर्मचारियों का पुनरक्षित वेतन का लाभ 7 वर्ष से नहीं मिल रहा है। लगभग 4 वर्ष से दीपावली का बोनस भी नहीं मिल रहा है। उन्होंने शासन प्रशासन, सहकारिता मंत्री, पंजीयक से बोनस देने की मांग की है।

### समस्याओं के निवारण के लिए विधायक से मिले क्षेत्रवासी



**नगरी।** विधायक अंबिका मरकाम से ग्रामीणजनों से मुलाकात की। सिहावा के जर्जर शाला भवन की मरम्मत व अहाता निर्माण के लिए आवेदन दिया। इसे संज्ञान में लेते हुए विधायक ने आने वाले बजट में मांग को पूरा करने की बात कही। मगरलोड क्षेत्र की जनपद सदस्य नंदिनी साहू के मार्गदर्शन में ग्राम लड़ेर के ग्रामीणों ने सांस्कृतिक कला मंच व कबड्डी प्रतियोगिता के लिये मेट की मांग की। विधायक ने निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान करने का आश्वासन दिया। मौके पर अंबिका मरकाम ने कहा कि क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति की समस्याओं के निवारण करने के लिए प्रयासरत रहूंगी।

### अटंग में ग्रामीण साहू समाज ने चलाया स्वच्छता अभियान



**सिर्री।** ग्राम अटंग में महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंजी पर जिला साहू संघ धमतरी के निर्देशानुसार ग्रामीण साहू समाज द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। महात्मा गांधी, लालबहादुर शास्त्री एवं माता कर्मा के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। इसके बाद साहू समाज भवन, समरसता भवन, साईं मंदिर परिसर, शीतला मंदिर सहित चौक- चौराहों की सफाई की गई। मौके पर टेकराम साहू अध्यक्ष, धूषणलाल साहू, प्रकाश कुमार, निरंजन साहू, विसंभर, गिरीश, वेदप्रकाश, रानू, सागर साहू, रामप्रसाद, चुम्मन, गुलशन, देवनाथ, संतोष, चंद्रभान, रूक्मणि, टोमेश्वरी सहित अन्य ग्रामीणों का सहयोग रहा।

### निधन : जीवराखन चंद्रवंशी



**धमतरी।** संबलपुर निवासी 70 वर्षीय जीवराखन चंद्रवंशी का बीमारी के चलते निधन हो गया। वे मनबोध, शंकर चंद्रवंशी के बड़े भाई व शिवनारायण, खिलेश चंद्रवंशी के पिता थे। उनके दाह संस्कार में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए।

पूर्व प्रभारी मंत्री को कुरुद कॉलेज के जनभागीदारी समिति ने सौंपा स्मरण पत्र

# मैडमजी आपने घोषणा पूरी नहीं की : न कॉलेज को 40 नग कम्प्यूटर मिला और न ही नशा उन्मूलन केंद्र खुला

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

संतगुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद एवं नगर के लिए पूर्व प्रभारी मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया द्वारा की गई दो महत्वपूर्ण घोषणा आजपर्यंत पूरी नहीं हुई है। इसे स्मरण दिलाने जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष भोजराज चंद्राकर ने अपने समिति के सदस्यों के साथ उन्हें एक स्मरण पत्र सौंपा है।

ज्ञात हो कि आज से 2 वर्ष पूर्व कुरूद महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में पूर्व महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया व पूर्व धमतरी जिला प्रभारी मंत्री ने



महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के उपयोग हेतु 40 नग कम्प्यूटर सिस्टम देने की घोषणा की थी। इसके अलावा उन्होंने क्षेत्र के युवा जो नशे की गर्त में जा रहे है, उसकी रोकथाम के लिए नगर में एक नशा उन्मूलन केंद्र खोलने की घोषणा की थी जो आजपर्यंत पूरी नहीं हुई है। इसी परिप्रेक्ष्य में कुरूद महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष भोजराज चंद्राकर ने पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया से मुलाकात कर उन्हें इस संबंध में एक स्मरण पत्र सौंपा है। जिसके जवाब में श्रीमती भेड़िया ने इसके लिए स्थानीय विधायक अजय चंद्राकर से बात कर इसे पूरा करवाने की बात कही है। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति की सदस्य अनुराधा साहू, वर्षा निर्मलकर के अलावा ममता साहू, रेखा साहू एवं यशोदा पटेल उपस्थित थी।

### कांग्रेस के घोषणावीरों की सभी घोषणाएं अधूरी

इस संदर्भ में भोजराज चंद्राकर ने कहा कि निवर्तमान कांग्रेस शासन में कुरुद से लेकर प्रदेश स्तर तक कई घोषणावीर हुए जिनकी एक भी घोषणा पूरी नहीं हुई है। पद व कुर्सी का लालच रखने वाले घोषणावीरों ने सिर्फ घोषणा की, घोषणा पूरी करने पहल आज तक नहीं की। अगर कोई इस दिशा में प्रयास करता है तो इन्हें बर्दाश्त भी नहीं होता है। उन्होंने बताया कि पूर्व जनभगीदारी अध्यक्ष ने कॉलेज के विकास के लिए ढाई व नगर पंचायत अध्यक्ष ने 10 लाख देने की घोषणा भी कर रखी है जिसका अता-पता नहीं है। उक्त दोनों का कार्यकाल अब कुछ दिनों का ही रह गया है। ऐसे में बताएं कि वे अपनी घोषणा कब पूरी कर रहे हैं।

### महाविद्यालय प्रबंधन को स्टीमेट तैयार करने कहा था

संत गुरु घासीदास महाविद्यालय कुरुद के लिए जो घोषणा की थी उसे पूरी करने मैं अब भी तैयार हूं। मैंने इस दिशा में पहल करते हुए महाविद्यालय प्रबंधन को सबसे ज्यादा जरूरी कार्य क्या है उसका स्टीमेट तैयार कर भेजने कहा था जिसका अब तक अता-पता नहीं है। घोषणा पूरी नहीं करने का आरोप निराधार व केवल राजनीतिक रोटी सेंकने का प्रयास मात्र है।

**- तपन चंद्राकर**, *अध्यक्ष नपं कुरुद*

## राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष का बारना में हुआ स्वागत

- पिछड़ा वर्ग में अनेक जातियां हैं, समन्वय बनाकर चलेंगे : नेहरू

**कुरूद।** ग्राम बारना के भाजपा कार्यकर्ता और भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नेहरूराम निषाद को छग शासन ने राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री निषाद की नियुक्ति पर स्थानीय भाजपाइयों एवं ग्रामवासियों ने आतिशबाजी कर श्री निषाद का स्वागत किया है। पिछड़ा वर्ग समाज ने भी हर्ष जताया है। स्वागत से अभिभूत श्री निषाद ने अपनी नियुक्ति पर कहा कि मेरे जैसे बूथ कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है जिस पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग में बहुत सारी जातियां हैं। सभी के बीच समन्वय बनाकर चलेंगे। उनकी समस्याओं का निराकरण करना पहली प्राथमिकता होगी। पिछड़े वर्ग में कुछ ऐसी जातियां हैं जिनकी आर्थिक स्थिति बहुत ही कमजोर है।

ऐसे लोगों को ट्रेस कर उनकी अर्थव्यवस्था को सुधारने का विकल्प ढूंढेंगे। नेहरू का स्वागत करने वालों में रूपचंद साहू, खिलावन प्रजापति, मिश्रीलाल पटेल, रामचरण सोनी, दौलत साहू, चित्रकुमार साहू, केशव साहू, यादराम साहू, मोतीलाल ध्रुव, हिरामन प्रजापति, महेश पटेल, राजाराम पटेल, श्यामाचरण पटेल, कीर्तन पटेल, रामखिलावन चंद्राकर शामिल थे।



### भाजपा छोटे कार्यकर्ताओं को भी आगे बढ़ाती है

बता दें कि पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने 25 सितंबर 2024 को जारी नियुक्ति पत्र में ग्राम बारना निवासी नेहरूराम निषाद को राज्य शासन की ओर से छग राज्य पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो छोटे कार्यकर्ताओं को भी आगे बढ़ाती है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे दी गई जिम्मेदारी को बखूबी से निभाने की कोशिश करेंगे।

### एमए, एमफिल योग्यताधारी निषाद आरएसएस से जुड़े हैं

राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष नेहरूराम निषाद शुरू से भाजपा और आरएसएस से जुड़े हुए हैं। उनकी शिक्षा जियोग्राफी विषय में एमए, एमफिल है। वे धमतरी जनपद के पूर्व में सदस्य एवं भोथली भाजपा मंडल के अध्यक्ष रह चुके हैं। इसके अलावा वर्ष 2017 से 2019 तक निषाद समाज के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। वर्तमान में वे भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक हैं।

कृषि साख सहकारी समिति भखारा में हुई आमसभा

## लाभांश नहीं देने पर भड़के किसान

**कोर्रा(भखारा)।** कृषि साख सहकारी समिति भखारा की आमसभा समिति प्रांगण में हुई। अतिथि भखारा के कृषक एवं समाजसेवी डॉ मोहन हरदेल ने लेखा-जोखा देखकर कड़े शब्दों में विरोध किया कि विगत कई वर्षों से किसानों को लाभांश क्यों नहीं दिया जा रहा है, जबकि शासन की नीति के कारण सोसाइटी को लाखों रुपए का फायदा होता है। समिति प्रबंधक तरुण साहू ने स्वीकार किया कि 2017-18 के बाद से लाभांश नहीं दिया गया है। इस वर्ष लाभांश जरूर वितरित करेंगे। डॉ. हरदेल ने कहा कि भखारा में धान खरीदी कृषि उपज मंडी में होती है। कोलियारी की जमीन भी लगभग समतल है लेकिन लाखों रुपए की मुरूम फीलिंग एवं भूसा खर्च दर्शाना गलत है। फटी बोरी की रिपेयरिंग सहित बोरा पलटी करने पर भी लाखों रुपए खर्च दर्शाया गया है। डॉ. हरदेल ने कहा कि यह सोसाइटी किसानों की है। इस तरह की मनमानी नहीं चलेगी।



डॉक्टर ने आगे कहा कि अगले साल जब भी आम सभा होगी, सोसाइटी से संबंधित सभी ग्रामों में माइक से मुनादी करनी चाहिए। इससे किसानों में जागरूकता आएगी। जोरातराई के कृषक नेता महेंद्र साहू ने भी खर्च की जांच करने की मांग की। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष दयाराम साहू, बिसाह साहू, बुधराम साहू, गिरिराज सोन, प्रभारी तरुण साहू, राम साहू, लीलाराम निषाद, दिनेश मंडल सहित दर्जनभर किसान उपस्थित थे।




## गांधी जयंती पर महिला पार्षदों ने आयोजित किया गरबा



- इंडियन, क्लासिकल, फोक एवं छत्तीसगढ़ी नृत्य की हुई प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नारी शक्ति को उचित मंच और सम्मान देने के उद्देश्य से महिला वर्ग के लिए गरबा नृत्य, इंडियन क्लासिकल डांस, फोक डांस छत्तीसगढ़ी प्रतियोगिता का आयोजन इंडोर स्टेडियम कुरूद में अति विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर, उपाध्यक्ष मंजु प्रमोद साहू, पार्षद राखी चंद्राकर एवं नगर पंचायत कुरूद की समस्त महिला पार्षद ग्रुप द्वारा किया गया।

कुरूद नगर में आयोजित गरबा डांस प्रतियोगिता की मुख्य अतिथि ललनी कृदत्त, रज्जाक मैडम, सुशीला शर्मा, रमा चंद्राकर, विनीता मगर, टोनू देवांगन रहे। दर्शक दीर्घा की शोभा बढ़ाते हुए नगर पंचायत सीएमओ महेंद्रराज गुप्ता, इंजीनियर भोजराज सिन्हा, चुम्मन साहू और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आशीष शर्मा एवं पिल्ले मैडम की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने अपना जौहर दिखाया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार क्लासिकल कथक ग्रुप कुरूद 11000 रु. द्वितीय पुरस्कार योशिता एंड ग्रुप 5000 रु. तृतीय पुरस्कार फोक डांस छत्तीसगढ़ी 2100 रु. चतुर्थ पुरस्कार आदि शक्ति ग्रुप 1100 रुपए को प्राप्त हुआ। मंच संचालन तुकेश साहू ने किया। इस आयोजन में दिवाकर चंद्राकर, एमन साहू तथा नगर पंचायत के कर्मचारियों का योगदान रहा।






विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### उड़ेना में रामधुनी स्पर्धा जारी

**पुरी।** ग्राम उड़ेना (छाती) में नवरात्रि पर्व पर छग स्तरीय त्रि-दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन 5 से 7 अक्टूबर तक किया जा रहा है। यह आयोजन जय मां विंध्यवासिनी दुर्गोत्सव समिति बजरंग चौक उड़ेना एवं ग्रामवासी के सहयोग से किया गया है।

### चैतन्य देवियों की झांकी आज से

**मगरलोड।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विवि सेवा केंद्र मगरलोड द्वारा क्वांर नवरात्रि पर चैतन्य देवियों की आकर्षक झांकी का आयोजन 6 से 10 अक्टूबर तक प्रतिदिन शाम 7 से रात्रि 9:30 बजे तक होगा। सेवा केंद्र संचालिका बीके अखिलेश ने लोगों से नयनाभिराम झांकी का दर्शन लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि सेवा केंद्र में प्रतिदिन सुबह 7 से 8 बजे व शाम 6:30 से 7:30 तक निःशुल्क राजयोग मेडिटेशन का कोर्स कराया जा रहा है।

### राजवीर का बास्केटबॉल में चयन

**धमतरी।** विद्याकुंज स्कूल लोहरसी के कक्षा 6वीं के छात्र राजवीर साहू का चयन राज्यस्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है।



यह प्रतियोगिता 6 से 9 अक्टूबर तक होगी। राजवीर के चयन होने पर संचालक, प्राचार्य तथा शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

### तर्रागोंदी में रामधुनी स्पर्धा शुरू

**कोर्रा (भखारा)।** ग्राम तर्रागोंदी में जय मां नवदुर्गा उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 3 से 10 अक्टूबर तक रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सतीश जैन पूर्व जनपद सदस्य ने किया। मौके पर श्रीमती मालती गजेंद्र सरपंच तर्रागोंदी, संतराम निषाद अध्यक्ष ग्रामीण विकास समिति, दुलार सिन्हा समाजसेवी, चोवाराम सचिव ग्रामीण समिति, धनीराम ग्रामीण पटेल, सुदर्शनराम संरक्षक ग्रामीण विकास समिति, लीलाराम साहू अंकेक्षक ग्रामीण विकास समिति, विनायकराम साहू वरिष्ठ नागरिक, बालाराम साहू, रामलाल साहू, पूर्वाह्न साहू समाज अध्यक्ष, शत्रुघ्न साहू, कंवलराम निषाद मौजूद थे।

### न्योता भोजन पाकर छात्रों के चेहरे खिले



**भखारा।** छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों के बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट खाना देने के साथ भोजन में उनकी रुचि बढ़ाने के लिए न्योता भोजन शुरू किया गया है। कोई भी अपनी स्वेच्छा से स्कूलों में भोजन का आयोजन कर सकता है। इसी के तहत भखारा के नागरिक अभिषेक राव ने कन्या शाला भखारा मे छात्राओं को फल एवं मिष्ठान वितरित किया। इस अवसर पर शिक्षिका उषा साहू, श्री खान समेत स्कूल स्टाफ उपस्थित थे।

### वृद्धजनों का सम्मान

**धमतरी।** जिला साहू संघ के पदाधिकारियों ने अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धाश्रम रुद्री में वृद्धजनों की पूजा-आरती कर फल, साड़ी, शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया।

### बिलाईमाता में 2500 तथा मां अंगारमोती मंदिर में 4921 ज्योति कलश प्रज्वलित

# देवी मंदिरों में लगे मां अम्बे के जयकारे दर्शन के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





नवरात्रि में देवी मंदिरों में माता के दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिरों के पट खुलते ही माता दर्शन के लिए भक्तों की कतार लगनी शुरु हो जाती है।घरों में भी भक्त विधि विधान से माता की पूजा- अर्चना कर रहे हैं। नवरात्रि के तीसरे दिन मां दुर्गा के स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा हुई। मां की पूजा विधि-विधान से करने से मनोकामना पूरी होती है। भक्त उपवास रखकर दुर्गा शप्तशती का पाठ करके मां को प्रसन्न करने में लगे हैं।

शहर की अधिष्ठात्री देवी मां विंध्यवासनी माता मंदिर में शारदीय नवरात्रि के पहले दिन से ही भक्तों की भीड़ दर्शन पूजन के लिए लग रही है। शनिवार को तीसरे दिन भक्तों की काफी भीड़ नजर आई। लोग कतारबद्ध होकर माता के दर्शन करने में लगे थे। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद पवार ने बताया कि नवरात्रि पर मंदिर प्रांगण में घी के ज्योत कलश प्रज्जवलित किए गए हैं। अमेरिका, कनाडा के अलावा उत्तरप्रदेश, असम, जम्मू, उड़ीसा, महाराष्ट्र के भक्तों ने मनोकामना ज्योति जलाई है। श्री पवार ने बताया कि मंदिर में दर्शन के लिए महिला-पुरूषों के लिए अलग अलग बैरिकेड्स बनाए गए हैं जहां भक्त कतारबद्ध होकर माता का दर्शन पूजन कर रहे हैं। मंदिर की ओर से भक्तों को प्रसादी दिया जा रहा है। भक्तों को असुविधा न हो इसके लिए वालंटियर और पुलिस बल की तैनाती की गई है। मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है जिससे निगरानी की जा रही है। मंदिर को इस वर्ष आकर्षक लाइट से सजाया गया है। अंदर गर्भगृह का कायाकल्प किया गया है।

गंगरेल स्थित आदिशक्ति मां अंगारमोती मंदिर दरबार में इस वर्ष 4921 ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए हैं। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई ने बताया कि नवरात्रि के पहले दिन से ही भक्तों का आना प्रारंभ हो गया है। यहां पूरे नौ दिनों तक विभिन्न गतिविधियां संचालित होंगी। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए प्रतिदिन ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं ज्योति कक्ष की देखरेख के लिए करीब 70 सेवादारों की तैनाती की गई है।

शहर के रिसाईपारा स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर, गायत्री मंदिर, रिसाईमाता मंदिर, बम्लेश्वरी मंदिर, शीतला मंदिर, दुर्गा मंदिर, काली मंदिर, रत्नेश्वरी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी ज्योति कलश प्रज्वलित हो रहे हैं, जहां दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ लग रही है।

#### मंदिर के बाहर लगी नारियल, फूल की दुकानें

विंध्यवासिनी मंदिर, मां अंगारमोती मंदिर, शीलता मंदिर, गायत्री मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर के पास नारियल, फूल, श्रृंगार, चुनरी सहित अन्य पूजन सामग्रियों की दुकानें सजी हुई हैं जहां भक्त खरीदारी कर रहे हैं। व्यवसायी विष्णु तिवारी ने बताया कि इस वर्ष माता की कृपा से सभी की रोजी रोटी अच्छी चल रही है।

#### जसगीत टीम की मांग बढ़ी

देवी मंदिरों एवं पंडालों में सुबह-शाम जसगीत, भजन कीर्तन का दौर चल रहा है। जसगीत के लिए टीम की मांग बढ़ गई है, जो ढोलक, मंजीरे के माध्यम से माता का गुणगान करती है। ग्रामीण क्षेत्र में बड़ी संख्या में जसगीत टीम शहर पहुंची है जो पंडालों और देवी मंदिरों में अपनी सेवा दे रही है।

## गरबा नारीत्व सम्मान व शक्ति की पहचान है : रंजना



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ गरबा महोत्सव में शामिल हुईं पूर्व विधायक

हरदिहा साहू समाज भवन में नवरंग समिति के गरबा महोत्सव एवं गौरी नगर रुद्री में आयोजित गरबा महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू शामिल हुई। श्रीमती रंजना साहू ने मातृशक्ति व जनसमूह को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गरबा मुख्य रूप से नवरात्रि समारोह के लिए एक अद्वितीय कार्यक्रम है। यह आनंदमय लोक नृत्य नवरात्रि में देवी शक्ति की पूजा अर्चना के लिए परंपरा के रूप में मनाया जाता है। गरबा का लोकप्रिय नृत्य होने से यह हमारी सांस्कृतिक पहचान भी है। यह महोत्सव नारीत्व सम्मान व शक्ति की पहचान है। नवरात्रि और गरबा-डांडिया का एक-दूसरे से गहरा रिश्ता है। नौ दिनों तक आदिशक्ति मां दुर्गा की आराधना करते हैं और इस पर्व को उत्सव के रूप में मनाते हैं। नवरात्रि हिंदू धर्म का सबसे प्रमुख त्योहार है, जो मुख्य रूप से आदिशक्ति मां दुर्गा को समर्पित है। इस अवसर पर रुद्री सरपंच अनीता यादव सहित बड़ी संख्या में गरबा नृत्य करने वाले उपस्थित थे।

### चौक-चौराहों की साफ सफाई की गई



**सिर्री।** ग्रामीण साहू समाज चरमुड़िया में सामाजिक पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। साहू समाज भवन, दुर्गा मंदिर चरमुड़हीन मंदिर, नवीन साहू समाज भवन, शीतला मंदिर और चौक-चौराहों की साफ सफाई की गई।

**पूरी नवरात्रि शयन अवस्था में रहकर ग्रहण करेंगे दुर्वा का रस**

## भक्त ने सीने में प्रज्ज्वलित किया अखंड ज्योत

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री



ग्राम सिर्री के टिकरापारा में एक व्यक्ति ने माता दुर्गा के प्रति आस्था प्रकट करते हुए अपने सीने में ही अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित किया है। सिर्री निवासी चंदन सुपलभगत पिता महेश सुपलभगत 30 वर्ष ने घर पर ही अपने सीने में ही अखंड ज्योति प्रज्वलित कर माता भक्ति और आस्था की एक बड़ी मिसाल पेश की है। 3 अक्टूबर को नवरात्रि के शुभारंभ दिवस में संध्या 7 बजकर 25 मिनट के समय से नीम की पत्तियों का बिछौना बनाकर शयन अवस्था में अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की है। उन्होंने बताया कि वह पूरे 9 दिन तक बिना हिले डुले उसी अवस्था में रहेंगे। ज्योति कलश की देखरेख वह खुद कर रहा है। आहार के रूप में सुबह शाम 4 चम्मच दुर्वा घास के रस का सेवन कर रहे हैं। माता के प्रति उनकी इस अद्भुत आस्था को देखने श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। भक्त चंदन ने बताया कि वर्ष 2005 में नवरात्रि के 9 दिनों तक मौन धारण किया था। वर्ष 2007 में उन्होंने सिरकट्टी आश्रम के भुनेश्वरी शरण दास महराज कुटेलाधाम पंडुका से दीक्षा ली थी। वर्ष 2009 में नवरात्रि पर पूरे 9 दिन निर्जला एवं बिना कोई आहार ग्रहण किए व्रत रखा था। आगे उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में उनको नींद में ज्योति प्रज्वलित होती हुई दिखाई देती थी। सपने में माता के दर्शन होने के बाद ज्योत जंवारा ही आते रहता था। माता ने सपने में आकर उनको क्वांर नवरात्रि में सीने में अखंड ज्योत प्रज्वलित करने की बात कही। माता के आदेश का पालन करते हुए इस बार अपने घर में सीने पर कपड़ा रखकर ज्योति प्रज्वलित की है। उनका सहयोग करने भक्त उत्तम तारक, लोचन मनहरे, नेमू कंडरा, नोहर सुपलभगत, संतु पटेल, शशिकांत, सागर यादव, जितेंद्र, राजा कंडरा मौजूद रहते हैं।

## भारी वाहन से अरौद नाला पुल को खतरा

■ एप्रोच सड़क के धंसने से बढ़ी दुर्घटना, भारी वाहन के आवागमन पर प्रतिबंध की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



21 सितंबर की रात्रि को मेघा महानदी पुल में दरार आने से पिल्लर टूटकर बिखर गया है। मेघा महानदी पुल में आवागमन बंद कर दिया गया है। अब 24 घंटे कार एंबुलेंस, ट्रैक्टर, ट्रक, हाईवा सहित भारी वाहनों का आना-जाना अरौद पुल से हो रहा है। भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से अरौद नाला पुल की एप्रोच सड़क की कांक्रीट टूटकर धंस गई है जिससे साइकिल, मोटरसाइकिल, कार एक दूसरे से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो रही है। अरौद से खैरझिटी की सड़मार्ग की लंबाई लगभग 3 किमी है। उक्त सड़क पूर्व में नाबार्ड अंतर्गत थी। अब प्रधानमंत्री सड़क मार्ग योजना में शामिल है। 3 किमी सड़क में दर्जनों जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं। सड़क से डामर, गिट्टी सहित सभी मटेरियल उखड़ चुके हैं। अरौद से खैरझिटी मार्ग से भारी वाहन की आवाजाही को समय पूर्व नियंत्रित नहीं किया गया तो अरौद नाला पुल को खतरा हो सकता है। सड़क मार्ग पैदल चलने लायक नहीं रह पाएगा। मेघा महानदी पुल से आवागमन बंद होने के बाद से कुरूद, धमतरी, रायपुर आने-जाने के लिए अरौद मार्ग शॉर्टकट मार्ग बन गया है। 15 दिन भारी वाहन चलने से अरौद पुल व सड़क मार्ग जर्जर हो चुका है। अधिक समय तक आवाजाही रही तो पुल के टूटने की प्रबल संभावना है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क मार्ग को सामान्य क्षमता के मटेरियल से बनाया गया है। क्षमता से अधिक वाहनों की आवाजाही जनहित में नुकसानदेह है।

## नेहरू बने पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राज्य सरकार ने धमतरी जिले के ग्राम बारना निवासी नेहरूराम निषाद को छग राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष मनोनीत किया है। शुक्रवार को नेहरूराम निषाद का भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा तथा भाजपाइयों ने स्वागत किया। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग के प्रमुख सचिव ने नेहरूराम निषाद को पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष के रूप में मनोनीत करने का आदेश जारी किया। वर्तमान में श्री निषाद भाजपा मछुवारा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक हैं। जियोग्राफी विषय में उन्होंने एमए और एमफिल की डिग्री ली है। शुक्रवार को आयोग अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद श्री निषाद ने प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा के निवास में मुलाकात कर साय सरकार तथा प्रदेश संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया। श्री रोहरा ने आयोग अध्यक्ष का मुंह मीठा कराया।

## पचपेड़ी के तीरंदाज रायपुर में साधेंगे निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)



शाउमावि पचपेड़ी के छात्र राज्यस्तरीय तीरंदाजी प्रतिस्पर्धा में रायपुर जोन का प्रतिनिधित्व करेंगे। महासमुंद में 14 सितंबर को आयोजित संभागीय स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में संस्था के छात्र अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन के बल पर राज्य स्तरीय तीरंदाजी के लिए चयनित हुए। छात्रों का चयन विभिन्न आयु वर्ग के लिए हुआ है। अंडर 14 आयु वर्ग में प्रेमसागर, दिनेश, चंद्रप्रकाश, रविकुमार, ओमिता साधना एवं धारणी का चयन हुआ। अंडर 17 आयु वर्ग में प्रिया सिंह, सागर सिंह तथा अंडर 19 आयु वर्ग में साहिल का चयन राज्य स्तरीय के लिए हुआ है। राज्यस्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता 6 से 9 अक्टूबर तक रायपुर में होगी। तीरंदाजी दल को रवाना करते हुए प्राचार्य रविंद्र कोसरे ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की बात कही।

छात्रों को राज्य स्तर पर पहुंचाने के लिए उनके मार्गदर्शक व्यायाम शिक्षक सुरेश निषाद का अहम योगदान रहा। वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रहास साहू, साहूकार साहू, मेघराज साहू, बसंत साहू, कमलेश कंवर, हरिश्चंद्र पटेल, बीएल टंडन, मिथिलेश सिन्हा, पारसमणि साहू, प्रदीप मानिकपुरी, मीना सिन्हा, पुष्पलता ठाकुर, जानकी वर्मा, जेआर साहू, विज्ञान सहा. प्रमिला बारले एवं हेमेंद्र मेश्राम ने छात्रों की उपलब्धि पर खुशी जाहिर की है।

## डांडेसरा में नवरात्रि पर हो रहे धार्मिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭डांडेसरा(धमतरी)



क्वांर नवरात्रि पर मां दुर्गा की मूर्ति एवं ज्योति कलश स्थापना का आयोजन ग्राम डांडेसरा में किया गया है। नव जागृति दुर्गोत्सव समिति भाठापारा डांडेसरा में 5 अक्टूबर शनिवार को नव जागरण जस झांकी मंडली चंदनबिरही गुरूर का कार्यक्रम आयोजित किया गया। 7 अक्टूबर सोमवार को तुलसी के फूल पंडवानी मंडली मड़ेली छुरा की प्रस्तुति होगी। 11 अक्टूबर शुक्रवार को जय श्रीराम रामधुनी मंडली चंपारण धाम की प्रस्तुति होगी। इसी तरह मारूति नंदन युवा दुर्गोत्सव समिति बस्तीपारा डांडेसरा में 8 अक्टूबर मंगलवार को नव जागृति जस झांकी परिवार डांडेसरा का कार्यक्रम रखा गया है। 9 अक्टूबर बुधवार को श्री दिव्यशक्ति जय मां दंतेश्वरी बघवा जस झांकी परिवार लमकेनी अभनपुर की प्रस्तुति होगी। 12 अक्टूबर शनिवार को डांडेसरा में दोनों पारा की देवी का विसर्जन किया जायेगा एवं रात्रि में 9 बजे बस्तीपारा शिव चौक डांडेसरा में रामलीला एवं रावण वध का कार्यक्रम होगा।

## देव दशहरा धूमधाम से मनाया गया



**नगरी।** अंचल के प्रथम आराध्य, प्रथम पूज्य ठाकुरदेव की विधिविधान से पूजन अर्चना की गई। अंचल प्रमुख भूमकाल दल, पूज्य ठाकुरदेव समिति सिहावा, जगतजन्नी मां शीतला समिति सिहावा क्षेत्र एवं सिहावा अंचल के प्रबुद्ध नागरिकों की उपस्थिति में देव दशहरा शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। मल्हारी में नवरात्रि की द्वितीय तिथि शुक्रवार या बुधवार को हर साल दशहरा पर्व मनाया जाता है। यहां देवी मां की ज्योति स्थापना एवं दुर्गा स्थापना निषेध है। पुजारी विजय कौशल ने बताया कि ठाकुरजी अंचल के देव हैं। अंचल में उनका आशीष सदैव व्याप्त है।

## गरबा में सर्वोदय इंग्लिश स्कूल प्रथम




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शारदीय नवरात्रि पर नवरंग गरबा द्वारा अंतर स्कूल गरबा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसने सर्वोदय इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल के दोनों ग्रुप ए और बी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन समिति समिति, प्राचार्य एवं शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### बंजारी में ग्रामीणों ने की साफ-सफाई



**अंवरी।** महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत बंजारी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। मौके पर संरपच त्रिवेणी तुलाराम पाल, दिनेश बंजारे, रोहित कुर्रे, रोहित यादव, रतिराम पाल, मुरली सोनवानी, सूरज कुमार, मुकेश बघेल, अनिल सोनवानी, हेमराज, नरोत्तम कुर्रे उपस्थित थे।

## नवरात्रि पर सिर्री में विभिन्न आयोजन



**सिर्री।** नवरात्रि पर ग्राम सिर्री के बाजार चौक में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है।नवरात्रि को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। धार्मिक आयोजनों की धूमधाम है। 7 अक्तूबर को लोक प्रयाग राजेश साहू राजिम का छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। 9 अक्तूबर को मां दंतेश्वरी सेवा समिति सिर्री का जस झांकी होगा। श्रीराम युवा हिंदू संगठन द्वारा 10 और 11 अक्टूबर को गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया है। 12 अक्टूबर को दशहरा के मौके पर बजरंग मानस मंडली सिर्री द्वारा रामलीला की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम रात 8 बजे से 11 बजे तक होंगे।



डिंपल्स कॉस्मेटिक सर्जरी द्वारा गालों में स्थायी डिंपल्स
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9424201700

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 23 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411